*अत्यंत महत्वपूर्ण/विधानसभा*
*विशेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा*

शहरी विकास विभाग, (संसदीय शाखा)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार
09वॉं तल, सी – विंग, दिल्ली सचिवालय
आई.पी एस्टेट, नई दिल्ली–110002

एफ. 53 (21) अता0 प्र0– 88 /द्वि. सत्र (बजट सत्र) 2025/दिविस/श.वि./318-320 दिनांक24.03.2025

सेवा में,

उप सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054.

विषयः– दिल्ली विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या..88.....,श्री ....अशोक गोयल....
दिनांक 26.03.2025 को सदन की बैठक हेतु।

महोदय,

आपको उपरोक्त विषय में उद्धृत विधानसभा प्रश्न के उत्तर की 100 **प्रतियॉं**, माननीय मंत्री, शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार, द्वारा अनुमोदित अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय

उप–सचिव (सं0 शा0)

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, माननीय शहरी विकास मंत्री, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली को प्रश्न के उत्तर की दो प्रतियों सहित।
2. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली को प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियों सहित।

उप–सचिव (सं0 शा0)

**शहरी विकास विभाग**
**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रः दिल्ली सरकार**
**9वां तल, सी–विंग, दिल्ली सचिवालय, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002.**

माननीय विधायक का नाम : श्री अशोक गोयल

दिनांक : 26.03.2025

विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या : 88

क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या सरकार द्वारा मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में अवारा कुत्तों की समस्या के रोकथाम की कोई योजना बनायी गयी है; | मॉडल टाउन **विधान सभा क्षेत्र मे आवारा कुत्तों कि संख्या के रोकथाम के लिये पशु चिकित्सा विभाग दिल्ली नगर निगम द्वारा माडल टाउन** क्षेत्र के लिए **निर्धारित दो (2) गैर सरकारी संस्थानों** (NGOs):- Neighbourhood Woof ABC Centre, Timarpur एवं Yash Domestic Research Centre (ABC Centre Bela Road) **के साथ मिलकर कुत्तों की नसबन्दी व टीकाकरण का कार्य लगातार कर रहा हैं।** |
| ख | यदि हॉ, तो अब तक मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़कों से दिल्ली नगर निगम द्वारा कितने कुत्तों को उठवाया गया है; | Animal Birth Control Dogs Rules, 2023 के अनसुार कुत्तों को उठाकर नसबंधी व टीका:करण करवाकर वापस उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है।<br><br>दिनांक 01.04.2024 से 20.03.2025 तक मॉडल टाउन क्षेत्र से 180 आवारा कुत्तों की Sterilization और Vaccination किया जा चुका है। |
| ग | पिछले पांच वर्षो में पूरी दिल्ली में और विशेषकर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गायों की वजह से कितनी सड़क दुर्घटनांए हो चुकी है एवं कितनी गायों को सड़कों से उठवाया गया है; | <u>(ग) एवं (घ)</u>:–<br>दिल्ली नगर निगम में विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गायों के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं की कोई सूचना उपलब्ध नही है।<br><br>मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र से पिछले पॉच वर्षो में 744 गायों को विभाग द्वारा उठाकर गौशाला भेजा गया। |
| घ | सरकार की सड़कों पर घूमने वाली गायों के मुदद् को लेकर क्या योजना है; | पशुचिकित्सा विभाग द्वारा सड़कों पर घूमने वाली गायों को पकड़कर गौशाला भेजा जा रहा है।<br><br>सड़कों पर घुमने वाली गाय दिल्ली नगर निगम द्वारा सड़कों से हटाई जाती है और दिल्ली सरकार द्वारा आबंटित 04 जगह पर गैर सरकारी संगठन द्वारा संचालित गौशाला भेजा जाता है इसी क्रम में घुम्मेन्हेरा गॉव में दिल्ली सरकार द्वारा आदर्श गौशाला स्थापिक की जाएगी और इस गौशाला की क्षमता 4000 गौवंश रखने की होगी । उपरोक्त के अलावा जमीन उपलब्ध होने पर और गौशाला स्थापिता करना विचारधीन है । |
| ङ | क्या इन गायों की सुरक्षा और देखभाल के लिये नगर निगम द्वारा गौशाला बनाने की कोई भी कोई योजना है; और | गौशाला बनाने एवं उसके संचालन का दायित्व दिल्ली नगर निगम का नहीं है यह विषय दिल्ली सरकार से सम्बधित है। |
| च | उपरोक्त विषयों को लेकर अब तक कितने अधिकारियों पर और क्या–क्या कार्यवाही की गयी हैं? | दिल्ली नगर निगम, पशु चिकित्सा विभाग के सभी कर्मचारी उपलब्ध संसाधनों के साथ आवारा पशुओं से होने वाली सड़क दुर्घटना / बाधा को नियंत्रित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। |

J.P. MEENA
Dy. Secretary (U.D./P.C.)
Govt. of NCT of Delhi
Delhi Secretariat
I.P. Estate, New Delhi-02